हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के अंतर्गत भारत ने अपने कच्चे तेल की निर्भरता को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया है। दक्षिण गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजना ने संकट के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

*हमने अपने स्रोतों में विविधता लाई है। कच्चे तेल की खरीद अब 27 देशों से बढ़कर 41 देशों तक हो गई है। हमने मध्य पूर्व के अलावा अमरीका, नॉर्वे और अल्जीरिया से एलपीजी की खरीद शुरू कर दी है। भारत ने बहुत तेजी से प्रगति की है। रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं और हमने अपने घरेलू उत्पादन में 60% की वृद्धि की है।*

एलपीजी की घरेलू उत्पादन क्षमता 36 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन से ब□कर 54 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

---

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने  आहवान किया है कि जिस व्यक्ति के पास भारतीय संस्कृति से संबंधित हस्तलिखित पांडुलिपियां हैं वह व्यक्ति आगामी एक सप्ताह के अंदर अंदर ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर इन्हें अपलोड कर सकता है।श्री सेतिया आज कुरुक्षेत्र में हस्तलिखित पांडुलिपियों के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि जिले में अब तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 15678 हस्तलिखित पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर अपलोड किया जा चुका है। इसके अलावा श्री कृष्णा म्यूजियम द्वारा भी 140 हस्तलिखित पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम डॉट कॉम पर अपलोड किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि यह केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को खोजना, उनका संरक्षण करना और उन्हें डिजिटाइज करना है।श्री सेतिया ने नगर परिषद, शिक्षा विभाग व पंचायत विभाग और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के  अधिकारियों को इस बारे नागरिकों में जानकारी फैलाने के निर्देश दिए।

---

भिवानी में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत ने कहा है कि पशुपालकों की आर्थिक उन्नति और पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए मई के प्रथम सप्ताह में मुंहखुर और गलघोटू बीमारी के विरुद्ध टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत भिवानी जिले के 2

लाख 83 हजार पशुओं को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जिले का कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा।

डा. रविंद्र सहरावत ने बताया कि टीकाकरण के बाद प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाया जाएगा और उसकी पूरी जानकारी भारत पशुधन ऐप पर तुरंत अपलोड की जाएगी। इससे पशुओं की सेहत का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

---

हरियाणा और  चंडीगढ़ में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत मकान सूची क्रम और मकानों की गणना आरंभ हो गई। यह कार्य  स्वगणना के 15 दिन की नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद शुरू हुआ है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि यह प्रक्रिया इस महीने की 30 तारीख तक जारी रहेगी। जिसके दौरान प्रशिक्षित जनगणना कर्मी घर–घर जाकर आंकड़े एकत्रित करेंगे।

---

हरियाणा सरकार का एक उच्च प्रतिनिधिमंडल 5 जुलाई को तंजानिया के 50वें दार-एस-सलाम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेने के लिए सात दिन के दौरे पर जाएगा।हरियाणा औद्योगिक विकास विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस मेले में हरियाणा पैवीलियन भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विदेश सहयोग विभाग द्वारा हरियाणा को गो-ग्लोबल अप्रोच के माध्यम से वैश्विक निवेश का हब बनाने के उद्देश्य से  विभिन्न हितधारकों से बातचीत की गई है। इस दौरे के दौरान किसान, व्यापारी, आई टी, फार्मा के प्रतिनिधि जाएंगे और तनजानिया के साथ इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हरियाणा अब केवल उत्पादन केंद्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वैश्विक व्यापार मानचित्र पर एक सशक्त निर्यात हब के रूप में उभरकर सामने आया है।निर्यातकों को 'एक्सपोर्ट बूस्टर' जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक्सपोर्ट फ्रेट सब्सिडी सपोर्ट की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये प्रति यूनिट प्रति वर्ष किया गया है, जिससे निर्यात लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए एमएसएमई ग्लोबल इंडस्ट्रीज मैचिंग प्रोग्राम' प्रारंभ किया जा रहा है ताकि इस क्षेत्र में भी इन्वेस्टमेंट, रोजगार और अन्य कार्यों को गति मिले।गौरतलब है कि हरियाणा के निर्यात में लगभग 395 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है।

---